# प्रेस नोट - थाना परशुरामपुरी

## जनपद - शाहजहाँपुर

### सराहनीय कार्य दिनांक – 20.08.26

## थाना परशुरामपुरी पुलिस की बड़ी कार्यवाही

## थाना परशुरामपुरी पुलिस टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले 02 अभियुक्तों को 16.1 किग्रा अवैध मादक पदार्थ (गांजा), जिसकी अन्तर्राष्ट्रीय बाजार कीमत लगभग 04 लाख रुपये है, के साथ गिरफ्तार किया गया।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदया के निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी परशुरामपुरी के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक थाना परशुरामपुरी के कुशल नेतृत्व में अपराध की रोकथाम, चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वाहन एवं अवैध शराब/शस्त्र/मादक पदार्थो के निर्माण/बिक्री की रोकथाम के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना परशुरामपुरी पुलिस टीम को बड़ी सफलता प्राप्त हुई।

**संक्षिप्त विवरण-**

दिनांक 19/20-08-26 की रात्रि मे थाना परशुरामपुरी पुलिस द्वारा रात्रि चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वाहन एवं क्षेत्र गस्त के दौरान मुखबिर की सूचना के आधार पर अभियुक्तगण 1. अतीक अली पुत्र मजनू अली नि0मो0 पीरगंज कस्बा व थाना अल्हागंज जनपद शाहजहाँपुर 2. नासिर अली पुत्र अनवर अली नि0मो0 दखनऊआ कस्बा व थाना अल्हागंज जनपद शाहजहाँपुर को कसारी पुलिया के पास से समय 01.43 बजे गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से Renault Kwid Car, कुल 16.1 कि0ग्रा0 अवैध मादक पदार्थ (गांजा), दो अदद मोबाइल व कुल 1200 रुपये बरामद हुए। बरामद गांजा की अन्तर्राष्ट्रीय बाजार मे कीमत लगभग 4 लाख रुपये है। बरामदगी के आधार पर अभियुक्तो के विरुद्ध मु0अ0स0 390/26 धारा 8/20 NDPS ACT पंजीकृत किया गया तथा अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुये माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-**

1. अतीक अली पुत्र मजनू अली उम्र करीब 26 वर्ष नि0मो0 पीरगंज कस्बा व थाना अल्हागंज जनपद शाहजहाँपुर
2. नासिर अली पुत्र अनवर अली उम्र करीब 35 वर्ष नि0मो0 दखनऊआ कस्बा व थाना अल्हागंज जनपद शाहजहाँपुर

**पंजीकृत अभियोग का विवरण-**

मु0अ0स0 390/26 धारा 8/20 NDPS ACT थाना परशुरामपुरी जनपद शाहजहाँपुर।

**बरामदगी का विवरणः-**

1. 16.1 कि.ग्रा. अवैध मादक पदार्थ ( गांजा)
2. Renault Kwid Car
3. दो अदद मोबाइल

**गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक/समय**

कसारी पुलिया के पास, दिनांक 20.08.2026 समय- 01.43 बजे ।

## पूछताछ विवरणः-

पूछताछ के दौरान दोनों अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि वे गांजा खरीदकर उसकी छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर आसपास के क्षेत्र में बिक्री करते थे। अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि गांजा उपलब्ध कराने वाले व्यक्ति से उनकी पूर्व में मुलाकात हुई थी तथा उसी के माध्यम से वे गांजा प्राप्त करते थे। बरामद वाहन का प्रयोग उनके द्वारा गांजा लाने-ले जाने एवं बिक्री के लिए किया जाता था। अभियुक्तों द्वारा यह भी बताया गया कि आज भी वे उक्त वाहन से गांजा लेकर बिक्री के उद्देश्य से जा रहे थे, तभी पुलिस टीम द्वारा उन्हें पकड़ लिया गया। अभियुक्तों द्वारा बताए गए तथ्यों के संबंध में आवश्यक जांच एवं सत्यापन की कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस पार्टी का विवरण –

1. उ0नि0 गौरव सिंह थाना परशुरामपुरी जनपद शाहजहाँपुर।
2. उ0नि0 सारंग चौहान थाना परशुरामपुरी जनपद शाहजहाँपुर।
3. का0 अनिल नागर थाना परशुरामपुरी जनपद शाहजहाँपुर।
4. का0 अभिषेक पंवार थाना परशुरामपुरी जनपद शाहजहाँपुर।